Rajkiya Engineering College, Kannauj
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
Aher, Tirwa Road, Kannauj, Uttar Pradesh
An AICTE approved Government Engineering College Vide Letter Approval No F.No. Northern/2018/1-3725944831
Dated 30-April-2018, affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 16–03–2024 को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के मानक मंथन क्लब द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक 16–03–2024 को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के मानक मंथन क्लब द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक करने के और मानकों के संबंध में बेहतर समझ विकसित करने के लिए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज और इंडिया स्टैंडर्ड द्वारा मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के 100 से भी अधिक छात्रों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इसमें छात्रों ने विभिन्न उपयोग उपभोक्ता इस्तेमाल की वस्तुओं जैसे प्रेशर, कुकर, हेलमेट, गैस सिलेंडर, गैस स्टोव इत्यादि के संबंध में मानकों के लिए मानक निर्धारित करने के ज्ञान से संबंधित इस लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। साथ ही इसमें जो तकनीकी और बौद्धिक आधार पर कुछ विशिष्ट लेखन होंगे, उनका चयन किया जाएगा। भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में यूथ टू यूथ कनेक्ट प्रोग्राम का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संस्थान के सबसे अधिक छात्र–छात्राएं संस्थान के बाहर लोगों को मानकों के संबंध में जागरूक कर रहे हैं, ताकि उपभोक्ता अच्छी गुणवत्ता वाली वस्तुएं खरीद सकें जैसे इलेक्ट्रिकल गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स जैसे समान आर सेमवाल और आईआईसीआईए मार्क देखकर खरीदें और खाने–पीने के सामान के लिए एफसीआई गुणवत्ता मार्क देखकर ही खरीदें। इस संबंध में एक कैंपेन चलाया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक लोग जागरूक हो। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो लखनऊ शाखा से श्री राजकुमार भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर आकाश अग्रवाल प्रभारी मानक क्लब राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज एवं संस्थान के डीएसडब्ल्यू डॉ बी डी के पात्रो और डीन एकेडमिक कंट्रोलर आफ एग्जामिनेशन डॉ अरुण कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी मुकुल सक्सेना भी उपस्थित रहे। दिव्यमनी, शालू, राज, विनीत एवं अन्य छात्र समव्यक के योगदान से कार्यक्रम सफल हुआ। संस्थान निदेशक प्रोफेसर रचना अस्थाना जी ने सभी छात्र छात्राओं को इस अवसर पर बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज